# समाहरणालय, मुंगेर।

## (जिला पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण शाखा)

(अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास, आर०डी० एण्ड डी०जे० कॉलेज, मुंगेर में नामांकन हेतु ऑनलाईन आवेदन की सूचना)

पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना द्वारा अति पिछड़ा वर्ग समुदाय के छात्रों के लिए मुंगेर जिलान्तर्गत संचालित अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास, आर0डी0 एण्ड डी0जे0 कॉलेज, मुंगेर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में नामांकन के लिए रिक्त स्थानों की विवरणी निम्नवत है:-

| क्र0सं0 | छात्रावास का नाम | कोटि | रिक्ति/सम्भावित रिक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास, आर0डी0 एण्ड डी0जे0 कॉलेज, मुंगेर | पिछड़ा वर्ग/अन्य पिछड़ा वर्ग | 18 सीट |

नामांकन हेतु आवेदन पत्र सूचना प्रकाश की तिथि से 10.08.2026 से 10.09.2026 तक विभागीय वेबसाईट https://bcebconline.bihar.gov.in/cay/Default.aspx पर ऑनलाईन समर्पित किया जा सकता है। विशेष जानकारी के लिए जिला पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण कार्यालय, मुंगेर से छात्र/अभिभावक द्वारा प्रत्येक कार्य दिवस को 00:01 बजे अपराहन् से 05:00 बजे अपराहन् तक सम्पर्क किया जा सकता है। आवासित छात्रों को प्रतिमाह 2000/- रूपये अनुदान राशि एवं 15 किलो खाद्यन्न (09 किलो चावल एवं 06 किलो गेहुं) दिया जाता है।

**नामांकन की शर्तेः-**

01. आवेदक अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) समुदाय का छात्र हो।
02. 5 प्रतिशत सीट विकलांग छात्रों के लिए आरक्षित है।
03. आवेदक बिहार राज्य का निवासी हो।
04. आवेदक मुंगेर जिला अंतर्गत किसी भी सरकारी/मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान में नामांकित हो।
05. अहर्त्ता प्राप्त आवेदकों में उच्च प्राप्तांक वाले छात्रों को प्राथमिकता दी जायेगी। अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों में से छात्रावास में अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग के छात्रों का 60:40 के अनुपात में नामांकन लिया जायेगा।
06. छात्र/अभिभावक की अधिकतम आय तीन लाख से कम होनी चाहिए।
07. इंटरमीडिएट के छात्रों को प्राथमिकता दी जाएगी।
08. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता- मैट्रिक पास।
09. चयन की प्रक्रिया विभागीय नियमानुसार पूरी की जाएगी।

**आवेदन हेतु आवश्यक दस्तावेजः-**

1 आवेदन विभागीय वेबसाईट https://bcebconline.bihar.gov.in/cay/Default.aspx पर जाकर ऑनलाईन किया जा सकता है।

2 आवेदन पत्र के साथ निम्नांकित प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति ऑनलाईन अपलोड करना होगा:-

I. आवेदक का पासपोर्ट साईज फोटो jpg/jpeg/Format में।

II. आवेदक का जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति PDF Format में।

III. मुंगेर स्थित शिक्षण संस्थानों में नामांकन राशि का प्रमाण PDF Format में।

IV. आधार कार्ड की छायाप्रति PDF Format में।

V. विगत परीक्षा के अंक प्रमाण पत्र की छायाप्रति PDF Format में।

VI. आधार सीडिंग बैंक अकाउंट (खाता संख्या एवं आई0एफ0एस0सी0 कोड सहित)

VII. अध्ययनरत् संस्थान के प्राचार्य द्वारा विहित प्रपत्र में निर्गत Forwarding PDF Format में।

VIII. माता पिता/अभिभावक द्वारा विहित प्रपत्र में हस्ताक्षरित शपथ पत्र।

IX. आवेदक का हस्ताक्षर jpg/jpeg/Format में।

**आवेदन की प्रक्रियाः-**

1. विभागीय वेबसाईट https://bcebconline.bihar.gov.in/cay/Default.aspx पर जाकर केवल ऑनलाईन आवेदन समर्पित किया जा सकता है।
2. आवेदन की तिथि-10.08.2026 से 10.09.2026 तक केवल ऑनलाईन स्वीकार किये जायेगें।

08.08.26

(कुमारी रानी)
जिला पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग,
कल्याण पदाधिकारी, मुंगेर।